हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 27 जून 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

4 शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को गणवेश व पाठ्यपुस्तक का वितरण

[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

खबर संक्षेप

हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए कैरियर सेमिनार आज

रायगढ़। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 जून को कक्षा दसवीं से 12वीं एवं कालेज में अध्ययन कर रहे बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की रूपरेखा तय करने एवं सफलता हासिल करने के तरीकों को बताने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में दोपहर 02 बजे से आयोजित किया जाएगा। करियर गाइडेंस कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा भारतीय पुलिस सेवा राज्य प्रशासनिक सेवा सैन्य सेवा चिकित्सा में प्रवेश इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में प्रवेश विधि सेवा शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कंप्यूटर शिक्षा के साथ अन्य विषयों में भविष्य में उपलब्ध संभावनाओं एवं सफल होने के तरीकों के बारे में बच्चों एवं उनके पालकों को विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जाएगा।

अश्लील फोटो भेजने के आरोप में युवक गिरफ्तार

रायगढ़। थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के टीम द्वारा थाना सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध दर्ज धारा 509, ख 67, 67, आईटी एक्ट में विवेचना करते हुए साइबर सेल की मदद से मोबाइल से प्रार्थी को अश्लील फोटो भेजनें वाले अज्ञात आरोपी की पहचान देवकुमार निराला पिता मंगलदास निराला उम्र 25 वर्ष निवासी पिहरीद थाना मालखरौदा जिला सक्ती करने के पश्चात आरोपी को उसके निवास स्थल मे जाकर अपने अभिरक्षा मे लिया गया स आरोपी का कृत्य धारा सदर का पाये जाने तथा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफतारी की कारणों से अवगत कराकर 25 जून को विधिवत गिरफतार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कामिल हक, कैलाश जांगड़े, दिलीप तेंदुए, पुरूषोत्तम राठौर, ओमचंद साहू, सुरेन्द्र पटेल, 263 योगेश कुर्रे एवं साइबर सेल टीम की संपूर्ण कार्यवाही में प्रमुख भूमिका रही।

ट्रक ने तोड़ी बाउंड्रीवाल दोपहिया क्षतिग्रस्त

रायगढ। पीडीएस का चावल खाली कर बैक करने के दौरान ट्रक के मकान की बाउण्ड्रीवॉल से टकरा जाने का मामला सामने आया है। ट्रक के टकराने से दीवार क्षतिग्रस्त हो गई तथा वहीं खड़ी एक दुपहिया वाहन भी चपेट में आई है। रिहायशी क्षेत्र में इस तरह की घटना से हडक्रंप मच गई और लोगों का हुजूम जमा हो गया। मामला शहर के वार्ड क्रमांक 28 पंजरी प्लांट का है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम को चक्रधरनगर क्षेत्र के वार्ड क्र. 28 पंजरी प्लांट की शासकीय राशन दुकान में ट्रक सीजी 12 एस 2801 से का चावल आया था। चावल खाली करने के बाद चालक ने ट्रक को बेक किया तो मकान की बाउण्ड्री वाल से ट्रक जा भिड़ी। इस घटना में जहां बाउण्ड्री वाल क्षतिग्रस्त हो गईए वहीं दीवार से लग कर खड़ी स्कूटी भी उसकी चपेट में आ गई, हालांकि पीछे की ओर कोई नहीं था अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। रिहायशी क्षेत्र होने के कारण मोहल्ले में हडकंप मच गई और मामले की जानकारी मिलते ही लोगों का हुजूम वहां जमा हो गया था। वहीं चालक को मोहल्लेवासियों ने बैठा लिया था। हालांकि मकान मालिक से आपसी समझौता होने पर ट्रक चालक को छोड़ दिया गया।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस आज

विश्व ड्रग्स दिवस विशेष

शहर में नारको टेररिज्म की एंट्री, 16 से 24 साल के युवा बन रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अलग खबर

शहर में पिछले कुछ सालों से नारको टेररिज्म की एंट्री हो चुकी है। नई पीढ़ी के युवा तेजी से नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। शहर में नशे की आसान पहुंच युवाओं को गर्त में डाल रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन नशाखोरों में सबसे ज्यादा 16 से 24 साल की उम्र के युवा है।

खासकर रायगढ़ व सारंगढ़ में युवा गांजा, चरस, ड्रग, नशीली दवा, शराब और डोडा. चूरा और के आदी है। इनमें से ज्यादातर युवा यारी दोस्ती या कभी स्टेटस सिंबल तो कभी प्रेम में असफलता के कारण नशे की गिरफ्त में फंस रहे हैं। इन युवाओं को नशे की गर्त में फंसाने के लिए ड्रग पेडलर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैंए शुरुआती दौर में फ्री में नशा करवा उन्हें आदी बनाया जा रहा है। अगर समय रहते इन्ह नशे के तस्करों पर लगाम नही लगाई तो ये युवाओं के भविष्य खराब कर देंगे। शहर को नशे का गढ़ बनाने में समीपवर्ती राज्य ओडिशा और यूपी के तस्कर कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यहीं नशा बेचने वाले बड़े माफिया पहले खरीदारों से अकाउंट में पैसा डलवा रहे इसके बाद जरुरतमंदों, मजदूरों को डिलेवरी बॉय की तरह उपयोग कर उनसे 5 हजार रुपए में नशा सप्लाय करा रहे हैं।

रायगढ और सारंगढ पुलिस लगातार सीमा पर चौकसी बढ़ाते हुए ड्रग पेडलरों तथा तस्करों की धरपकड का सिलसिला जारी रखा है। जिनसे लाखों रुपए की नशीली सिरप और करोड़ों का गांजा बरामद भी हुआ है। पुलिस को पकड़ाए तस्करों से समीपवर्ती राज्य के कुछ तस्करों के मोबाइल नंबर भी मिले थेए परंतु पुलिस इन तस्कर तक नहीं पहुंच पाई।

सीमा पर धर पकड़ भी हो रही

नशे के नेटवर्क को डैमेज करने के लिए पुलिस गोपनीय तरीके से काम कर रही है। सीमा पर धर पकड़ भी हो रही है। जल्द ही शहर और शहर से बाहर के तस्कर पुलिस गिरफ्त में होंगे।

-दिव्यांग पटेल
एसपी, रायगढ़।

नशे के लिए चोरी और लूट

शहर के पुलिस थानों के रोजनामचे पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि रोजाना होने वाली आपराधिक धरपकड में से 40 फीसद केस में चोरी और रहजनी की वारदातों के पीछे का असल मकसद नशे का शौक पूरा करना होता है। इस लत को पूरा करने छोटी मोटी वारदातों से शुरु होकर नशेडी युवाओं का पेशेवर गैंग तक तैयार हो रहा है जो हिंसक और जानलेवा आपराधिक घटनाओं को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। वहीं ग्रामिण अंचल में कई परिवार नशे की वजह से उजड रहे हैं। दो दिन पहले ही सरिया में एक वृद्ध पिता ने अपने नशेडी बेटे की हरकतों से तंग आकर उसकी धारदार कुल्हाडी से हत्या कर दी। ऐसी घटनाओं की भी लंबी फेहरिस्त है जिनका मूल कारण नशा है।

दवाओं से ले रहे नशे का डोज

नशा करने वालों में 30 वर्ष से अधिक के युवाओं का भी ग्राफ चौंकाने वाला है। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कई नशेड़ी अब एक कदम आगे यानी दवाइयों के जरिए नशे का डोज ले रहे हैं। जिसमें दर्द निवारक गोलियां, ट्रोमाडोल, इंजेक्शन, एल्को.1 टेबलेट, सीरप में खांसी की दवाइयां बेनाड्रिल, एलोपैथिक दवाएं सोल्यूशन व वाइटनर के जरिए भी नशा कर रहे हैं। इन नशेडियों में ज्यादातार भीख मांगने या कचरा बीनने वाले बालक और युवा हैं। नशे की आपूर्ति के लिए ये चोरीए छीनाझपटी और छोटे मोटे अपराध भी करते हैं। ये नशे की दवाइयां मेडिकल स्टोर पर आसानी से उपलब्ध हो रही है।

नशा मुक्ति अभियान भी फ्लाप

शहर में करीब एक दशक पहले जोर शोर से शुरु हुए नशा मुक्ति अभियान ने भी आम वर्ग में नशे के मानसिक, शारिरीक, सामाजिक व आर्थिक नुकसान को समझाने में आपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं की और बेनतीजा ही बंद हो गया। दूसरी तरफ अंतरराज्जयीय सीमा और शहर के भीतर समेत गांव गांव में रोजाना पकड़ी जा रही नशे और मादक द्रव्यों की खेप साथ ही आबकारी का बढ़ता राजस्व यह साबित करता है कि किसी तेजी के साथ ज़िले में नशे के शौक ने नौजवानों से बच्चों और महिलाओं तक को अपना शिकार बनाया है। दुर्भाग्य जनक है कि ड्रग एडिक्ट की बड़ी तादाद में 20.24 साल के नौजवान बड़ी संख्या में शामिल हैं।

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव पर आज ओपी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए नि:शुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जाएगा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 27 जून को शासकीय अंग्रेजी माध्यम नटवर स्कूल, रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से होगा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन व आयोजक जिला प्रशासन स्कूल शिक्षा समग्र शिक्षा जिला रायगढ़ के तत्वावधान में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत एक उत्सव के रूप में हो व बच्चों तथा पालकों के लिए यह दिन विशेष तौर पर यादगार बन सके। इसी उद्देश्य के साथ नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने एवं उन्हें विद्यालय की ओर आकर्षित करने के लिए जिला शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नव प्रवेशी बच्चों को रोली एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर न्योता भोजन का भी आयोजन होगा। 27 जून को दोपहर 2 बजे से नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा दसवीं से 12वीं एवं कालेज में अध्ययन कर रहे बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की रूपरेखा तय करने एवं सफलता हासिल करने के तरीकों को बताने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य अतिथि होंगे।

करियर गाइडेंस कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, सैन्य सेवा, चिकित्सा में प्रवेश, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में प्रवेश, विधि सेवाए शिक्षा के क्षेत्र में सेवाए कंप्यूटर शिक्षा के साथ अन्य विषयों में भविष्य में उपलब्ध संभावनाओं एवं सफल होने के तरीकों के बारे में बच्चों एवं उनके पालकों को विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जाएगा।

आपातकाल दिवस पर मीसाबंदियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आपातकाल लोकतंत्र
25 जून
एवं मीसा

कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएम।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की। अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था।

श्री साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रू.ब.रू कराते हुए आपातकाल का काला दिवस मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से परिचित कराने का बीड़ा उठाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा के उपाध्यक्ष कौशलेष मिश्रा ने कहा कि 25 जून आते ही हम सभी के मानस पटल पर आपातकाल की विभीषिका पुनर्जीवित हो उठती है हमारे लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए कितनी यातनाएं झेली ही आज हम सभी को उनके सम्मान का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में उपस्थित मीसा बंदियों को साल श्रीफल देकर आशीर्वाद लेकर उनका सम्मान किया। मीसा बंदियों में सुगमचंद फरमानिया, प्रमोद सराफ बाबूलाल पंडा, संजय तामस्कर, प्रांजल तामस्कर, स्व. जयदयाल के परिवार जन, स्व. रतन लाल अग्रवाल के परिवार जन, स्व. कृष्ण मिश्रा जी के परिवार जन, अमरीक सिंह सनसेना के परिवार जन, स्वर्गीय देवी प्रसाद अग्रवाल के परिवार जनए युधिष्ठर पंडा जी के परिवार जन उपस्थित रहे।

विकास के लिए मंत्री से महापौर ने मांगे 66 करोड़

रायगढ़। शहर विकास के लिए मेयर श्रीमती जानकी काटजू ने प्रवास पर आए डिप्टी सीएम अरूण साव से 21 कार्यों के लिए 66 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि मांग की है। इसपर डिप्टी सीएम श्री साव ने मेयर श्रीमती काटजू की सभी मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करने की आश्वासन दिया। मंगलवार को पीडब्लूडी, पीएचई एवं नगरीय निकाय मंत्री डिप्टी सीएम अरूण साव शहर के प्रवास पर थे। इस दौरान मेयर श्रीमती काटजू ने शहर विकास के संबंध में उनसे चर्चा की। चर्चा के दौरान मेयर श्रीमती काटजू ने शहर विकास के 21 कार्यों के लिए 66 करोड़ से ज्यादा की राशि की आवश्यकता बताते हुए फंड जारी करने की मांग की। उक्त सभी मांग पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

सरिया में धान बीज के लिए भटक रहे किसान, लगा रहे समितियों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

समिति के बाहर खड़े किसान।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया तहसील क्षेत्र में इन दिनों सरना धान के बीच को लेकर किसान भटक रहे हैं। सेवा सहकारी समिति सरिया सहित क्षेत्र के अन्य समितियाँ में भी सरना धान बीज एक सप्ताह से खत्म है। निजी दुकानों में सरना धान बीज उंचे दामों में बिकने से मध्यम व लघु वर्ग के किसान इसे अपने बजट से बाहर बता रहे हैं।

किसानों का कहना है कि समय पर सरना धान का बीज न मिलने से किसान परेशान हैं। धान की खेती यहां किसानों के लिए आजीविका के साथ-साथ आर्थिक प्रगति का भी एक माध्यम है। इस खेती में किसान अपना पूरा की जी जान लगा देता है। विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे किसानों के लिए एक दोहरा संकट यह है की सरिया तहसील क्षेत्र में इन दिनों सरना धान बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आंचलिक किसान संघ के अध्यक्ष मोहन पटेल ने बताया की सेवा सहकारी समितियां के गोदाम पर सरना धान बीज खत्म है। निजी दुकानों में अधिक दाम देकर खरीदने पर किसानों की लागत बढ़ेगी। दूसरा यह कि बीज असली है या नकली इसकी कोई भी गारंटी नहीं है। इधर जिला प्रशासन किसानों से अपील से बार.बार अपील कर रहा है कि किसान प्रमाणित बीज का उपयोग करें। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी सेवा सहकारी समितियां में सरना धान बीज की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं।

जड़ी बूटियों से हो रहा भगवान जगन्नाथ का उपचार

रायगढ़। स्नानयात्रा में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र को धूप में अधिक स्नान करने पर मान्यता अनुसार लू लग जाने के कारण अस्वस्थ हो गए हैं, उनका उपचार जड़ी बूटियों के माध्यम से हो रहा है। इस दौरान श्रीमूर्ति त्रय के दर्शन पट बंद हैं। भगवान जगन्नाथ के भक्त ने बताया कि रायगढ में भी जगन्नाथ पुरी की परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा से भगवान जगन्नाथ ज्वर से पीड़ित हैं। बलदाऊ व बहन सुभद्रा के साथ वे एकांतवास में हैं। भगवान जगन्नाथ स्वामी को इस समय सिर्फ औषधि व काढ़े का भोग लगाया जा रहा है। जगन्नाथ मंदिरों में भगवान के निजी सेवक व वैद्य भगवान की सेवा व उपचार कर रहे हैं। पंचमी तक काढ़े का भोग लगेगा। इसके बाइ कमजोरी दूर करने के लिए भगवान 10 दिन विश्राम करेंगे। स्वस्थ होकर रथयात्रा में प्रजा को दर्शन देने निकलेंगे। रथयात्रा, चल स्थापना विधि एवं अनुष्ठान वैदिक विधि से संपादित किए जाएंगे।

43 टन कबाड़ जब्त, वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरवानी चौक तथा जिंदल गेट के समीप दो ट्रक व दो माजदा से 43 टन अवैध कबाड़ जब्त किया गया है। चारो वाहनों से जब्त कबाड़ की कुल कीमत 9 लाख 46 हजार रूपए आंकी गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा पुलिस ने जिंदल गेट पूंजीपथरा के पास वाहन चालक कमलेश चौधरी पिता स्वर्गीय बांकेलाल चौधरी उम्र 43 वर्ष निवासी शंकरगढ़ थाना शंकरगढ़ जिला प्रयागराज के ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 9986 में लोड 16.260 टन कबाड़ जिसकी कीमत 3 लाख 52 हजार तथा वाहन चालक अरविंद यादव पिता भोरित यादव उम्र 40 साल निवासी सुल्तानी पंडुल थाना परसविधा जिला जहानाबाद के ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 6389 में लोड 13 टन कबाड़ जिसकी कीमत 2 लाख 86 हजार रूपए आंकी गई है। दोनों वाहनों सहित कुल 43 टन कबाड़ जब्त किया गया है। इसी प्रकार गेरवानी चौक पर वाहन चालक सुभाष शर्मा पिता स्वर्गीय रामकुमार शर्मा उम्र 52 साल निवासी बरगढ़ थाना जिला बरगढ़ हाल मुकाम गढ़उमरिया के माजदा क्रमांक सीजी 13 एपी 2654 में 8.250 टन कबाड़ जिसकी कीमत 1 लाख 76 हजार एवं गेरवानी चौक पर वाहन चालक गुड्डू गोस्वामी पिता स्वर्गीय इंद्रदेव गोस्वामी 32 साल निवासी लोहार सिंह थाना पिपराटांड थाना पलामू के माजदा सीजी 13 एआर 1693 में 6 टन कबाड़ जिसकी कीमत 1 लाख 32 हजार रूपए आंकी गई है, जिसे जब्त कर लिया गय है।

दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उपेंद्र सिंह के रूप में की गई है जो मूल रूप से छपरा बिहार का रहने वाला था और एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड जामगांव में काम करता था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार रात करीब 9.30 बजे हुआ। उपेंद्र सिंह अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से ड्यूटी से वापस आ रहा था। लोइंग पंडरीपानी लक्ष्मी मंदिर के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। इस टक्कर में उपेंद्र सिंह सहित उनकी बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरी बाइक में सवार युवक मौके से फरार हो गया। इस घटना में उपेंद्र सिंह को सिर और पेट में गंभीर चोटें आई। आनन फानन में उन्हें मेट्रो अस्पताल लाया गया, जहां से उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिंदल फोर्टिस अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उपेंद्र सिंह की मौत हो गई। वहीं, अन्य दो घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

खरीफ फसल हेतु खाद व बीज सहित जल जीवन मिशन का उठा मुद्दा

सामान्य सभा में बगैर जानकारी पहुंचे केलो परियोजना के एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत में आयोजित सामान्य सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

जिला पंचायत में बुधवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान खरीफ फसल के लिए धान बीज, खाद आदि के मुद्दे पर चर्चा की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित हो रही योजनाओं और जल जीवन मिशन आदि पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस बैठक में केलो परियोजना के तहत चलने वाले निर्माण कार्यो पर जब चर्चा करने का समय आया तब पहले तो सीईओ जिला पंचायत ने केलो परियोजना के तहत मिलने वाले 100 करोड़ रूपए का जिक्र करते हुए कई निर्माण कार्यो के संचालन की बात कही, जिसके बाद बैठक में उपस्थित केलो परियोजना के एसडीओ को विस्तारपूर्वक सदन को जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। किंतु एसडीओ बिना जानकारी के वहां पहुंचे थे, ऐसे में वे इस परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो के बारे में सदन को कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके। जिसके बाद उन्हें कार्यपालन अभियंता को बैठक में आने का बुलावा भेजने को एसडीओ को कहा गया। सामान्य सभा की बैठक में खरीफ फसल के लिए धान बीज व खाद को लेकर विस्तृत जानकारी सदन को दी गई। इस दौरान डीएमएफ मद से स्वीकृत किए गए कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। बैठक में लैलूंगा व धरमजयगढ़ क्षेत्र के सदस्यों ने बताया कि उनके क्षेत्र में कई ग्राम पंचायतों में कनेक्शन दिए जाने के बाद भी जलापूर्ति नहीं हो पाई है।

धान बीज की कमी का उठा मुद्दा

इस दौरान उन्होंने बताया कि खाद का लक्ष्य 28140 मीट्रिक टन मिला है, जिसके विरूद्ध 21644 मीट्रिक टन भंडारण किया गया है। वहीं वितरण 18118 मीट्रिक टन यानी करीब 67 फीसदी हो चुका है। वहीं पूर्ति करीब 62 फीसदी होने की बात कही गई। इसी प्रकार बीज को लेकर 36 हजार क्विंटल का लक्ष्य है, जिसके विरूद्ध भंडारण 27756 क्विंटल हुआ है, जबकि वितरण 24 हजार 37 क्विंटल हुआ है। इस दौरान उपस्थित कुछ सदस्यों ने बताया कि सारंगढ के नवरंगपुर, अमझर, कोसीर, सालर व दानसरा में धान बीज की कमी बनी हुई है। वहीं रायगढ़ के भी कई जगहों पर धान बीज की कमी है।

18 ग्रापं. हर घर जल से प्रमाणित

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 919 ग्राम पंचायत के करीब 2 लाख 42 हजार घरों में नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं अब तक 1 लाख 92 हजार दिए गए है। लक्ष्य को दिसंबर 2024 तक पूरा करना है।

सिटी कोतवाली की जुआ सट्टा पर लगातार कार्रवाई जारी

सारंगढ़। थाना सिटी कोतवाली प्रभारी कामिल हक के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली के टीम द्वारा सट्टा, जुआ पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाकर सट्टोरीयों, जुआडीयों विरूद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 में आरोपी पंकज बंजारे पिता छतराम बंजारे उम्र 30 वर्ष निवासी बरदुला थाना कोसीर जिला सांरगढ बिलाईगढ की जरिये मुखबिर सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ व गवाहान के घटना स्थल बस स्टैण्ड सांरगढ के पास सट्टा लिख रहा है। सूचना पर कार्यवाही किया गया। आरोपी सट्टा मोबाईल के माध्यम लिख रहा था आरोपी के कब्जे से एक नग नीला रंग का रेडमी मोबाईल जिसमें विभिन्न अंको में सट्टा पट्टी लिखा हुआ था तथा नगदी रकम 630 को मुताबिक जप्ति पत्रक के जप्तकर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

खबर संक्षेप

खैरबार को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने सीएम को सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर। खैरबार ग्राम पंचायत को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने की मांग की गई है। इस संबंध में भाजपा नेता जितेंद्र सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौपा है। 24 जून को सरगुजा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौपते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने बताया कि खैरबार ग्राम पंचायत पहले वनग्राम था। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसे राजस्व ग्राम बनाने की 2015 में घोषणा की थी लेकिन इसी बीच सत्ता परिवर्तन हो गया। सत्ता परिवर्तन के साथ आज 9 वर्ष बाद प्रशासनिक प्रक्रिया में आज भी राजस्व ग्राम अस्तित्व में नहीं आया है। जिसके कारण ग्राम वासियों को कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन को बेचा नहीं जा सकता, घर बनाने व अन्य कार्य हेतु कर्ज नहीं ले सकता, जाती, निवास प्रमाण पत्र तक बनाने में दिक्कत आती है। नक्शा काट पाना संभव नहीं है, ऑनलाइन नक्शा उपलब्ध नहीं है, ग्राम पंचायत का प्रथम प्रकाशन हो गया है जिसमें 144 आपत्तियां हैं। उन्होंने ने सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनी है और खैरबार के निवासियों को भरोसा है कि प्रशासनिक प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर ग्राम पंचायत खैरबार को जल्द से जल्द राजस्व ग्राम का दर्जा मिल जायेगा। सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है।

प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए सरगुजा के 39 स्काउट्स एवं गाइड्स

अंबिकापुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा 19 से 23 जून तक पर्वतारोहि व्यक्तित्व विकास एवं ट्रैकिंग शिविर का आयोजन राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में किया गया। पांच दिवसीय शिविर में सरगुजा जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 39 सदस्य शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग से अनुदान प्राप्त ई एवं टी सवर्ग के शासकीय विद्यालयो में अध्ययनरत सीनियर स्काउट्स, गाइड्स एवं रोवर्स, रेंजर्स के लिए शिविर आयोजित किया गया था जिसमें सरगुजा जिले में संचालित विद्यालयो से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा के ब्लॉक अम्बिकापुर से 19 सीनियर स्काउट्स-गाइड्स, ब्लॉक सीतापुर से 3 सीनियर स्काउट्स, ब्लॉक उदयपुर से 2 स्काउट्स, ब्लॉक लुंड्रा से 4 गाइड्स एवं पूरे जिले से 7 सीनियर रोवर्स-रेंजर्स सहित 4 प्रभारी स्काउटर-गाइडर हुये शामिल। जिले से गाइड प्रभारी के रूप में सीनियर गाइडर अरुणा टोप्पो, शिखा पाण्डेय, स्काउट प्रभारी के रूप में एल्युश लकड़ा, अनिल बरवा के नेतृत्व में स्काउट्स-गाइड्स शामिल हुए। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों को सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन स्काउट कमिश्नर अशोक कुमार सिन्हा, जिला सचिव महेंद्र सिंह, जिला प्रशिक्षक मनीष गुप्ता के साथ जिले के स्काउट्स पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं।

गौ मांस के साथ ग्रामीण गिरफ्तार दो अन्य आरोपी हुए फरार

बिश्रामपुर। करंजी पुलिस ने मंगलवार को एक अधेड़ उम्र के ग्रामीण को गौ मांस के साथ गिरफ्तार किया है ,मामले में शामिल दो अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं।पुलिस ने बताया कि हिंदू संगठनों से जुड़े युवकों ने दतिमा में एक ग्रामीण के घर स्थित गौ मांस बनने की सूचना पुलिस को दी थी, सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस संबंधित ग्रामीण के घर पहुंची तो उक्त घर में मांस पकाने की तैयारी चल रही थी।पुलिस ने आरोपी ग्रामीण लक्ष्मी प्रसाद सारथी पिता चंदन सारथी 50 वर्ष निवासी ग्राम दतिमा को हिरासत में लेकर पूछताछ की ,इस दौरान उसने बताया कि झूमरपारा निवासी दूध प्रसाद घसिया ने उसे उक्त गौ मांस लाकर दिया था, पूछताछ में ग्रामीण ने अपने एक अन्य सहयोगी दतिमा निवासी हीरालाल घसिया का भी नाम घटना में शामिल होना बताया है जो कि दोनों फरार बताए गए हैं।फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद स्पष्ट होगा की उक्त गौ मांस कैसे और कहां से लाए थे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 153 ए, 295 ए के तहत अपराध दर्ज कर पकड़ में आए आरोपी लक्ष्मी प्रसाद सारथी आ. चंदन सारथी को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम मेवाडांड़ निवासी सुरेश सिंह आ. स्व. मतवार सिंह (50 वर्ष) 13 जून अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन उपचार कराने के बाद परिजन स्वास्थ्य में सुधार होने पर घर लेकर चले गए। इसी बीच रविवार को पुनःतबीयत बिगड़ने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

ग्राम पंचायत भुषु का मामला, ग्रामीणों ने तैयार किया पंचनामा

सरपंच ने बेच दिए गौठान में लगे शेड, सबमर्सिबल पंप व सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार में बनाए गए गौठानों की हालत बदतर हो चुकी है। देखरेख के अभाव में गौठान जर्जर हो गए है लेकिन इन सब के बीच एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने गौठान में लगे सामानों को बेच दिया। सरपंच ने गौठान में लगे शेड, पाइप, पंप व अन्य सामानों को औने पौने दामों में बेच दिया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब लोग गौठान का सामान खोलकर लेकर जाने लगे। ऐसे में ग्रामीणों ने सरपंच को घेर लिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और उन्होंने इस मामले में दोषी सरपंच व सचिव पर मिलीभगत का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद पूरा गौठान वीरान और उजाड़ पड़ा हुआ है। यह पूरा मामला विकासखंड के ग्राम पंचायत भुषु का बताया जा रहा है। बता दें कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के तहत गांव गांव में गौठानों का निर्माण किया गया था। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान का उद्देश्य पशुधन संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा देना था इसके साथ ही पशुपालकों से गोबर खरीदी कर जैविक खाद बनाने का काम किया जा रहा था। गौठानों के माध्यम स्वयं सहायता समूहों के जीविकोपार्जन हेतु अनेकों कुटीर उद्योग भी लगाए गए लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान वीरान पड़े है। देखरेख के आभाव में बेकार पड़े गौठान का फायदा गांव के सरपंच ने उठाया। आरोप है कि सरपंच ने गौठानों में रखे सामानों को बेचना शुरू कर दिया था और धीरे धीरे कर वही गौठान के सभी सामान बेच रहा था। इस दौरान गौठान में लगे सीमेंट के शेड, लोहे का पाइप, सबमर्सिबल पंप को उसने किसी को बेच दिया। जब उक्त व्यक्ति सरपंच की मौजूदगी में सामान निकालकर लेजा रहा था तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया।

खास बात

- एक माह बाद भी नहीं किया पुन: निर्माण

उजाड़ गोठा, इनसेट में सरपंच से जब्त सामग्री।

एक महीने में सामान लौटाने का दिया था आश्वासन

गौठान का सामान बेचने का विरोध करते हुए इसे गैरकानूनी बताया। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए सरपंच ने उन्हें एक माह में सामान वापसी व गौठान को पुनः ठीक करने का आश्वासन दिया। ऐसे में ग्रामीणों की मौजूदगी में 14 मई को पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा में 40 नग शीट,14 नग पाइप को सरपंच द्वारा अपने घर लेजाने की बात स्वीकार की गई और एक माह में पुनः गौठान निर्माण का वादा किया गया। अब ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच द्वारा दिए गए समय अवधि में ना ही गौठान का निर्माण किया गया और ना ही सामान लौटाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले में सचिव ने भी चुप्पी साध ली है। ऐसे में ग्रामीण सचिव की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है।

किसानों के लाखों रुपए फंसे

गौठान में जैविक खाद बनाने के लिए गांव के किसानों से गोबर की खरीदी की गई थी। गांव के कई किसानों ने इस उम्मीद के साथ गोठान में अपना गोबर बेचा था कि इसके बदले उन्हें अच्छी खासी कमाई हो जाएगी लेकिन किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया। सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण गांव के पंकज यादव, उमेश यादव, दिनेश यादव, हरि यादव समेत अन्य किसान के पैसे डूब गए। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच सचिव से अपने गोबर के पैसों की मांग की लेकिन सरपंच और सचिव ने उनकी बात नहीं सुनी और राशि का भुगतान नहीं किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच को नशे की लत है और अक्सर वह शराब के नशे में रहता है और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए ही उसने गौठान के सामान को बेच दिया। इसके साथ ही उन्होंने गोबर की राशि को भी गबन करने का आरोप लगाया है।

की जाएगी जांच

इस मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाते हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

-एस के मरकाम
सीईओ जनपद पंचायत

चोरी के तीन अलग-अलग मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चोरी की तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी की गई एसी कॉपर, सौर ऊर्जा कॉपर तार व बाइक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

मानपुर निवासी रमाकांत यादव ने 24-25 अप्रैल की रात कुटुम्ब न्यायालय भवन से 3 एसी का कॉपर पाईप अज्ञात द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं दूसरे मामले में 21 जून को भैयाथान रोड निवासी राकेश महराज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया 20 जून को कुटुम्ब न्यायालय भवन के ऊपर छत में लगे सौर ऊर्जा का कॉपर तार को अज्ञात लोगों चोरी कर ले गया है। तीसरे मामले में 23 जून को ग्राम साल्ही रामानुजनगर निवासी निलेश कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 फरवरी दोस्त की शादी में शामिल होने के दौरान उसके बाइक को चोरों ने ग्राम देवीपुर से पार कर दिया है। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि जेल पारा का मुजफ्फर खान व मस्जिदपारा का सोहेल खान दोनों एसी कॉपर पाइप व सौर ऊर्जा का कॉपर तार बेचने के फिराक में है। पुलिस ने दोनों को पकड़ पूछताछ किया तो दोनों ने कुटुम्ब न्यायालय से एसी कॉपर पाइप तथा सौर ऊर्जा का कॉपर तार चोरी करने की बात बकूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर एसी कॉपर पाईप, सौर ऊर्जा का कॉपर तार, घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, कटर एवं बाइक जब्त किया। आरोपी जेलपारा निवासी मुजफ्फर खान आ. अब्दुल हुसैन (27 वर्ष) व मस्जिद गली निवासी सोहेल खान उर्फ शानू आ. शाहजहां खान (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीसरे मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइक बेचने की फिराक में बस स्टैण्ड में घुम रहे कौशल कुमार टान्डिया को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि फरवरी में ग्राम गोरता लखनपुर में अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गया था रात में पैदल शादी से मानी जोबगा केतका होते हुए वापस आ रहा था तभी ग्राम देवीपुर में शादी वाले घर के बाहर बाइक को चोरी कर ले गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक बरामद कर लिया।

स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती माताओं को मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर, रामानुजनगर में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा का सफलतापूर्वक संचालन की जा रही है। इस तारतम्य में आज सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हिंकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में 100 हितग्राहियों का निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा प्रदान की गई। शासकीय संस्थानों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने में कारगर साबित हो रही है ताकि संबंधित मरिजों को समय पर उपचार प्रदान की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होने से दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बडी राहत है। इससे मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी, साथ ही समय एवं आर्थिक हानि होने से भी उनको बचाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान में 28, ओड़गी में 22, प्रतापपुर में 32 एवं रामानुजनगर में 18 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। दूरस्थ अंचलों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है।

तीन महीने बाद लौटी कन्हर नदी की धार, भीषण जल संकट से जूझ रहे लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

तीन महीने पूर्व क्षेत्र की जीवनदायिनी कन्हर नदी के सूखने से भीषण जल संकट का सामना कर रहे नगरवासियों को नदी की धार शुरू होने के कारण भारी राहत मिली है। मानसून की पहली वर्षा के बाद कन्हर नदी की धार बीती रात शुरू हुई तथा एनीकट में नदी का पानी पहुंच गया है। कन्हर नदी में पानी आने से जल स्तर में सुधार होगा वहीं नगर पंचायत की जलप्रदाय व्यवस्था अब बाधित नहीं होगी।

- नदी के बीच रेत में डबरी बनाकर नपं करा रहा था पानी की आपूर्ति

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही कन्हर नदी पूर्णतः सूख गई थी जिसके बाद से नगर में लगातार जल संकट गहराते जा रहा था। स्थिति यह हो गई थी कि मई के दूसरे पखवाड़े एवं जून के प्रथम पाखवाड़े में पानी के लिए नगर में हाहाकार मच गया। जैसे-तैसे नगर पंचायत द्वारा नदी में डबरी खोदकर जल आपूर्ति की गई। पानी की कमी होने के कारण पहले पखवाड़े से ही एक दिन लोगों के लिए भारी पड़ रहा था। प्रतिदिन नगर के कुएं एवं हैंडपंप सूखते जा रहे थे। कई हैंडपंप, कुंए ऐसे थे जो अब तक नहीं सूखे थे वह भी सूख गए। नगर पंचायत द्वारा सुबह से लेकर देर शाम तक टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही थी। इस बीच बीबी मध्य रात्रि एनीकट तक पानी पहुंचने से लोगों ने राहत की सांस ली। कन्हर नदी गंगा के समान उत्तरवाहिनी है। कन्हर नदी के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था जुड़ी है। नदी में 84 दिन बाद जब पानी पहुंचा तो मंगलवार को सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए लोगों की भारी भीड़ कन्हर नदी पर उमड़ी।

खुड़िया के पठार से निकलती कन्हर जिले की सबसे बड़ी नदियों में से एक कन्हर नदी तीन राज्य के लोगों की जरूरतें पूरी करती है। यह जशपुर के खुड़िया पठार से निकलकर सोनभद्र जिले में सोन नदी में मिलती है। सोन का पानी आगे चलकर गंगा नदी में मिलता है। कन्हर नदी के सूखने से छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सरहदी क्षेत्र का जलस्तर काफी नीचे चला गया था। कन्हर में पानी आने से रामानुजगंज सहित सरहद पर बसे छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के लोगों ने राहत की सांस ली है।

प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की लगी होड़ लग गई है। आज प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर कब्जा मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय राजस्व भूमि पर अवैध रूप से बन रहे मकान पर कार्रवाई करते हुए रामजीत यादव के घर को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। बताया जा रहा है कि आसपास बने कई मकान जो शासकीय भूमि पर बने है उसे नहीं हटाया गया है। सिर्फ एक मकान को गिराने पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने बताया कि व्यक्तिगत तरीके से एक मकान पर कार्रवाई कर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। जबकि शासकीय भूमि पर कई लोग अतिक्रमण किए हुए हैं।लंबे अरसे के बाद में इस तरह की कार्रवाई होने से हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में तहसीलदार पुष्पराज पात्र ने बताया कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों पर नोटिस जारी की गई है। लगातार कार्रवाई होगी।

शासकीय भूमि से हटेंगे अतिक्रमण

जहां-जहां शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हुआ है सभी अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अतिक्रमण कर बनाए घर को तोड़ा जाएगा।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

रामानुजनगर के आधा दर्जन स्कूल भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

बच्चों के उज्जवल भविष्य हो और बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके इसके मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों में पढाई के प्रति रूचि बढ़े इसके लिए बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था है परंतु बच्चे जिस भवन में पढाई करते है उस भवन की हालत काफी दयनीय हो गई है। आज से नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने वाला है लेकिन कहीं विद्यालय की दीवार में दरार तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा हुआ है। ऐसे में जर्जर भवन में स्कूल संचालन होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

खास बात

- मरम्मत के अभाव में गिर रहे छत प्लास्टर, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

विकासखंड रामानुजनगर क्षेत्र में नया शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 का 26 जून से होने वाला है। लेकिन आज भी विकासखंड के कई विद्यालय ऐसे है जो मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हालत में हैं। वहीं दीवार में दरारें पड़ गई है तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा है ऐसे में छत से पानी टपकता है और दीवारों से पानी सिपेज करता है। स्कूल भवन की मरम्मत लंबे समय से नहीं होने से भवन कमजोर हो गई है जो गिरने की स्थिति है। जर्जर स्कूल भवन कई वर्षों से जीर्णोद्धार के लिए तरस रही है।प्रशासनिक उदासीनता रवैया के कारण स्कूल भवन की हालत ऐसी हो गई जिसका खामियाजा विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। विकासखंड में कई स्कूल भवन के काफी जर्जर हो जाने के कारण स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे भवन में किया जा रहा है। इसके अलावा कहीं पर विद्यालय दो पाली में संचालित है तो है कहीं स्कूल ही दूर है। दो पाली में स्कूल संचालन होने से समय की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती होती जबकि विद्यालय दूर होने के कारण छोटे बच्चों को पैदल ही चल कर लंबी दूरी तय करना पड़ता है। विखं रामानुजनगर में जहां कई ऐसे विद्यालय हैं जो जर्जर की स्थिति में है जिस कारण कई वर्षों से जर्जर स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे स्कूल भवन में किया जा रहा है।

मारपीट से घायल ग्रामीण की मौत, जांच में जुटी पुलिस

अम्बिकापुर। ग्राम जजगा निवासी इंदर कुजूर (40 वर्ष) कुछ माह से पत्नी सुनीता कुजूर के साथ मठपारा में अपने ससुराल में रह रहा था। पति-पत्नी शराब पीने के आदि थे और अक्सर नशे की हालत में विवाद करते थे। बीती रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया मारपीट होने लगी। इसी बीच मारपीट से इंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र लेकर पहुंचे जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं पुलिस ने संदेह के आधार पर पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सोनी, राकेश महासचिव

अंबिकापुर। आरटीआई कार्यकर्ता व अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राकेश सोनी प्रदेश महासचिव बनाए गए है। बता दें कि पिछले दिनों हरियारण के फरीदाबाद स्थित राजस्थान सेवा सदन में स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंदर वर्मा का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने अपना त्यागपत्र दिया। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तरीय कार्यकारणी का चुनाव पुनः कराया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दिल्ली निवासी सुरेंद्र वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष व चंडीगढ़ के सतीश कुमार सोनी को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। इसी तरह अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। अधिक्वता डॉ. सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ में अहम भूमिका निभाने के चलते प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश सोनी द्वारा भी स्वर्णकार हित में कार्य करने के कारण प्रदेश महासचिव बनाया गया है। डॉ.डीके सोनी प्रदेश अध्यक्ष एवं राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर उन्होंने राष्ट्रीय संगठन को धन्यवाद दिया है तथा प्रदेश में स्वर्णकार हित में कार्य करने को हमेशा अग्रसर रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि स्वर्ण कला बोर्ड का गठन छत्तीसगढ़ राज्य में करने के साथ ही प्रदेश एवं संभाग स्तरीय स्वर्णकार भवन के निर्माण करने की भी प्रक्रिया करने का प्रयास किया जाएगा। डॉक्टर डीके सोनी को प्रदेश अध्यक्ष बनने तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर समाज के लोगों में खुशी की लहर है। प्रदेश महासचिव राकेश सोनी के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव व अध्यक्ष की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ प्रदेश में अन्य पदाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है जिसमें प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, प्रदेश संगठन महामंत्री राजू सोनी तथा संभागीय स्तर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर सोनी संतोष सोनी, अखिलेश वर्मा, रितेश वर्मा, राजेश सोनी, कैलाश सोनी, प्रदेश सचिव अजय सोनी, नीलकमल सोनी, अंकित कुमार शाह, दीपक सोनी तथा महिला विंग में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सीमा सोनी, प्रदेश महासचिव प्रीति सोनी की नियुक्ति की गई है।

एसईसीएल खदान से पाइप चुराकर बेचने ले जा रहे आरोपी कबाड़ी मौक़े से फ़रार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सोमवार की देर शाम बिश्रामपुर प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे रास्ते से शिवनंदनपुर के कबाड़ चोर युवक एसईसीएल खदान क्षेत्र में लगे लोहे की पाइप को चोरी कर कबाड़ी के पास विक्रय के लिए इतवारी बाजार स्थित कबाड़ दुकान ठेले में रख कर पहुँचा रहे थे,इस दौरान मुखबिर की सूचना पर एसईसीएल कम्पनी सुरक्षा कर्मी व त्रिपुरा बटालियन की संयुक्त टीम के मौक़े पर पहुँचने पर आरोपी कबाड़ चोर युवक ठेला छोड़कर भाग निकले ।गश्ती टीम ने ठेले में लोड आधा दर्जन से अधिक की संख्या में लोहे के पाइप को जप्त कर अपने कब्जे में ले लिया है।बता दें कि वर्तमान में खदान क्षेत्रो में कबाड़ चोरों ने लगातार आतंक मचाया हुआ है।तथाकथित पुलिस विभाग से मिली हरी झंडी के कारण नगर में कबाड़ी बकायदा अपने घर मे टीना - टप्पर व प्लास्टिक ,कार्टून गत्ता खरीदने की आड़ में खदानों के भीतर घुसते हैं और यहाँ से चोरी कर लाए लोहे व ताम्बा के सामान व मशीनी उपकरणों की खुलेआम खरीदी बिक्री होती है इतवारी बाज़ार में होती है।दिन रात लोहे ताम्बा के कबाड़ उपकरणों की खरीदी होने पर सुबह तड़के सरगुज़ा के अम्बिकापुर अथवा सूरजपुर शहर में पिकअप वाहन में लोड कर कबाड़ व मशीनी उपकरणों को बड़े स्तर के कबाड़ियों को खपाया जा रहा है।

- एसईसीएल की संयुक्त सुरक्षा दल ने दबिश देकर चुराया हुआ सामान किया जब्त

‘रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए’ : नाना

मुंबई। नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने ‘खामोशी’ फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style

जाह्नवी

बुरी तरह हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,‘वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!’ एक यूजर ने पूछा, ‘क्या ये वॉक है?’ एक यूजर ने लिखा, ‘ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।’ दूसरे यूजर ने लिखा, ‘क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?’ एक ने लिखा, ‘इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।’ एक और यूजर ने लिखा, ‘ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।’

हॉलीवुड मसाला

स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म ‘जॉज’ 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं ‘जॉज’ उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक ‘जॉज’ के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम ‘जॉज @50’ दिया गया है।



अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

लॉस एंजिलिस। अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, ‘हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।’ शिखर सम्मेलन ‘बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट’ के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा ‘आपके पास शक्ति है।’



ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

नई दिल्ली। कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।



‘35 चिन्ना काडू...’ का पोस्टर जारी

मुंबई। तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का ‘35 चिन्ना कथा काडू’ है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। ‘35 चिन्ना कथा काडू’ के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

टीवी मसाला

बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

नई दिल्ली। बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने ‘तूफान’ फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

करण ने माना बोरिंग था ‘कॉफी विद करण 8’ का रैपिड फायर

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, ‘कॉफी विद करण’का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से ‘डरते’ हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, ‘भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।

लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म ‘अखंडा’ ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म ‘एनबीके 109’ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ‘एनबीके 109’ में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। ‘एनबीके 109’ का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ ‘वाल्टेयर वीरय्या’ के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। ‘एनबीके 109’ में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।

महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

मुंबई। साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

‘डिस्को डांसर’ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन : ‘आई एम अ डिस्को डांसर’, ‘जिम्मी जिम्मी आजा आजा’, ‘याद आ रहा है...तेरा प्यार’ जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।

मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

‘डिस्को डांसर’ डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

‘डिस्को डांसर’ की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

नई दिल्ली। *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*

कृति खरबंदा : इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।

यामी गौतम : ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



सोनम कपूर : बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।

सोनाक्षी सिन्हा : इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

खबर संक्षेप

कोयले की हो रही सुनियोजित हेराफेरी की हो उच्चस्तरीय जांच

घरघोड़ा। घरघोड़ा में कोयले की सुनियोजित हेरा फेरी के मामले में युवा नेता नगर पंचायत घरघोड़ा के उपाध्यक्ष उस्मान बेग ने एसडीएम घरघोड़ा को इस मामले में संज्ञान लेकर आवाज बुलंद करते हुए उच्च स्तरीय टीम से जाँच करवाकर दोषी अधिकारियों पर एफ़आईआर दर्ज कर कड़ी त्वरित कार्यवाही की मांग की है। दरअसल पूरा मामला घरघोड़ा के बिजारी कोल माइंस से सामने आया है जहां माइनिंग कर्मचारियों ने बिजारी कोल प्रबन्धन पर सुनियोजित तरीके से सैकड़ो ट्रिप कोयले की हेरा फेरी का आरोप लगाते हुए लिखित में शिकायत की है, बड़ी लापरवाही व हेरफेर के साथ मामले की गम्भीरता को देखते हुए युवा नेता उस्मान बेग ने इस मामले में उच्च अधिकारियों के दखल की माँग की है।

खाद बीज को लेकर डिप्टी सीएम से मिले किसान नेता

पुसौर। भाजपा के जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष गौरांग साव एवं प्रदेश सदस्य घनश्याम पटेल एवं उनका टीम ने रायगढ़ प्रवास के दौरान डीप्टी सीएम अरूण साव से सौजन्य मुलाकात की और इस दौरान इन्हौने सोसायटीयों में वितरण हो रहे खाद बीज को लेकर एक सामान्य चर्चा की। ज्ञात हो कि प्रदेश की भाजपा सरकार बहुत ही बारीकी से किसान और आम जनता के सर्वागीण विकास के लिए काम कर रही है इसके क्रियान्वयन में कहीं कहीं और कभी कभी लेट हो सकती है लेकिन संबंधित लोगों के पास वह जरूर पहुंचती है। उक्ताशय को अवगत कराते हुए भाजपा किसान नेता एवं जनपद सदस्य गौरांग साव ने कहा कि सोसायटीयों में उपलब्ध युरिया, डीएपी, धान बीज नियमित रूप से भंडारण हो रही है प्राकृतिक रूप से हो रहे असुविधावश कहीं कहीं भण्डारण नहीं हो पा रहा है जो जल्द हीं पूरे होंगे।

केलो के प्रदूषण से बचाने लामबंद हुए तमनार के ग्रामीण

रायगढ़। जिंदल पावर प्लांट तमनार द्वारा केलो नदी में गंदा पानी छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसे में जागरूक ग्रामीणों ने जेपीएल के खिलाफ बैठक करते हुए ठोस रणनीति भी तैयार कीए ताकि जलदायिनी केलो नदी का अस्तित्व बच सके। कोसमपाली सारसमाल के शिवपाल भगत दुकालू राम, कन्हाईराम पटेल तथा अन्य ग्रामीणों ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण भोपाल एनजीटी के आदेश का राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा पालन न किए जाने को लेकर 25 जून को रायगढ़ जिले के तमनार विकास खंड के ग्राम पंचायत कोसमपाली सारसमाल में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में कोसमपाली सारसमाल के अलावे गारे, पेलमा, मुड़ागांव, लमदरहा, टिहली रामपुर के महिला और पुरुष ने भाग लिया। साथ ही आगे की रणनीति तैयार की गई। ग्रामीणों ने काफी विचार मंथन के बाद सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया कि केलो नदी में समाहित हो रहे जेपीएल के दूषित पानी को रोकने के लिए वे हर संभव लड़ाई भी लड़ेंगे, मगर नदी के अस्तित्व को बचाकर ही दम लेंगे।

चैरिटेबल ट्रस्ट ने 3 छात्राओं को पहुंचाई आर्थिक मदद

रायगढ़। शहर के सतीगुड़ी चौक चौक स्थित आदर्श बाल मंदिर में आयोजित समारोह के दौरान उषा ईश्वर लाल चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अच्छी शिक्षा हेतु तीन छात्रों को आर्थिक मदद दी गई। ट्रस्ट के जरिए बाल मंदिर के छात्र गीतेश्वर सिंह सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र अनुराधा सिंह, ओपी जिंदल स्कूल के विद्यार्थी आराध्या गुप्ता, को आर्थिक मदद हेतु सहायता राशि प्रदान की गई। विदित हो की सरस्वती शिशु मंदिर में लंबे समय तक सेवा देने वाली शिक्षिका उषा चौहान द्वारा जीवन पर्यंत की कमाई की राशि बच्चो को पढ़ने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु देने का निर्णय लिया गया है इसके लिए ट्रस्ट का गठन किया गया है जिसमे मुख्य ट्रस्टी सुश्री उषा चौहान ट्रस्टी श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल, अजय अग्रवाल अजय मेडिकोज एवम अनमोल टांक एवम सहायक के रूप में सीए आलोक अग्रवाल शामिल है। बाल मंदिर में आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा सारस्वत अध्यक्ष महिला मंडल सेठ किरोड़ीमल आदर्श बाल मंदिर एव विशिष्ठ अतिथि डॉ प्रशांत सक्सेना, आरोग्य संजीवनी के प्रख्यात चिकित्सक की मौजूदगी में छात्र वृति स्वरूप चेक सौंपा गया।

औद्योगिक विस्तार के विरोध में ग्रामीण हो रहे लामबंद

रायगढ़। जिले के पुसौर विकासखण्ड के लोगों ने इन दिनों अडानी पावर लिमिटेड के खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया है। अडानी कंपनी अपने विस्तार की कवायद में है। पुसौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़े भंडारए छोटे भंडार, अमलीभौना और सरवानी जैसे 4 गांवों के बीच स्थित अडानी पावर लिमिटेड अपने फैक्ट्री का विस्तार करना चाह रहा है।

प्रदर्शन सुधारने की नसीहत, समय सीमा का ध्यान रखने के निर्देश

उप मुख्यमंत्री ने की पीडब्ल्यूडी, पीएचई नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने मंगलवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय प्रशासन विभाग के कामकाम की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सभी अधिकारी उनके दिए गए जिम्मेदारियों का स्वयं मूल्यांकन करते हुए कामों को बेहतर ढंग से पूरा करें। पीडब्ल्यूडी पीएचई और नगरीय निकाय में किए जा रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष रूप से ख्याल रखें। काम समय से पूरे होते हैं तो न केवल लोगों की विश्वसनीयता बढ़ती है और विभाग की छवि मजबूत होती है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ईई पीडब्लूडी से जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कार्यों का सही समय में गुणवत्ता के साथ पूरा होना जरूरी है। काम में देरी से जहां काम की लागत बढ़ती है और गुणवत्ता भी प्रभावित होती है वहीं लोगों को सुविधाएं मिलने में भी विलंब होता है। इसलिए आवश्यक है कि काम समय से पूरे किए जाएं गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अधिकारी लगातार फिल्ड पर निरीक्षण करें। कही समस्या आने पर उच्च अधिकारियों से सहयोग लें।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इसके पश्चात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की। सबसे पहले जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्य प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन के कार्यों की पूर्णता के लिए कार्य वर्गीकरण किया गया है। इसमें स्थल विवाद, जल स्त्रोत परीक्षण और बिजली की उपलब्धता शामिल हैं। तीनों कार्यों का पंचायत के माध्यम से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत टंकियों के निर्माण से लेकर पानी की शुद्धता और उसकी पर्याप्त उपलब्धता के लिए तय गुणवत्ता के साथ कार्य किए जा रहे हैं जो आने वाले नवंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

अधिकारियों की बैठक लेते डिप्टी सीएम अरुण साव।

नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा

इसके पश्चात उन्होंने नगर निगम और जिले के नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा की। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी से निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई। निगम कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने बताया कि बरसात के समय शहर के निचले हिस्से में जल भराव की समस्या रहती है। इसलिए चिन्हांकित शहर के बड़े नालों की सफाई पोकलेन लगाकर की गई है। इसी तरह पानी निकासी की समस्या न हो इसलिए गैंग लगाकर शहर के सभी छोटे बड़े नालों की सफाई बरसात पूर्व कराई गई है। उन्होंने बताया कि अधोसंरचना मद से 27 कार्य प्रगति पर है। इसी तरह राज्य परिवर्तित योजनाओं के कार्य भी अपेक्षाकृत प्रगति पर है। इस दौरान उन्होंने जलजनित रोग के नियंत्रण के लिए निगम के बोरए हैण्डपंप के क्लोरिनेशन के साथ डब्ल्यूटीपी के पानी की आउटलेट, टंकी और घरों के आने वाले पानी की त्रिस्तरीय सैंम्पलिंग लेकर जांच की जा रही है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और निगम की टीम द्वारा जल जनित और डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड आदि के लिए डोर टू डोर जाकर जनजागरूकता लाने संबंधित कार्य किए जा रहे हैं।

निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते उप मुख्यमंत्री।

डिप्टी सीएम साव ने किया सड़क व जल प्रदाय योजना के निर्माण का अवलोकन

रायगढ़। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने मंगलवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान रायगढ़ क्षेत्र के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ द्वारा भेलवाटिकरा संबलपुरी समूह जल प्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किए।

निर्माणधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में उप मुख्यमंत्री अरूण साव को ईई पीएचई ने बताया कि आस पास के 29 गांवो में जलापूर्ति की सुविधा प्रदान करने के लिए यह ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रॉ वॉटर केलो डैम से पानी लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री साव को वॉटर ट्रीटमेंट की कार्यविधि से अवगत करवाया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निश्चित समय अवधि में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिस पर अधिकारी द्वारा बताया गया कि आगामी मार्च तक काम पूरा करने की समय.सीमा तय की गई है। मौके पर उन्होंने केलो डैम के इंटेक वेल का का भी निरीक्षण कियाए जहां से ट्रीटमेंट प्लांट में पानी सप्लाई किया जाएगा। ईई पीएचई ने बताया की इंटेक का बेस का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब ऊपरी हिस्सों का काम शुरू किया जा रहा है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रायगढ़ पूंजीपथरा घरघोडा धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण कार्यों निरीक्षण कर अन्य निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली।

राज्य स्तरीय साप्ताहिक आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

रायगढ़। खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद द्वारा राज्य स्तरीय 7 दिवसीय आवासीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन यज्ञ शाला भवन सिरपुर मै किया गया दिनाक 14 से 20 जून जिसमें 17 जिले से 262 प्रतिभागियों ने भाग लेकर आत्मरक्षा प्रशिक्षण लिया एवं विभिन्न विधाओं को सिखा किक, पंच, ब्लाक काता, कुमिते, सेफ डिफेंस, आंख नाक और शरीर के विभिन्न कमजोर जगहों पर वार कर अपनी रक्षा करने के लिए प्रशिक्षण लिया जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार घृलहरे महासमुंद ने स्वयं उपस्थित होकर कार्यक्रम में प्रशिक्षको को मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदान कर सभी को आगे बड़ने हेतु दिशा निर्देश दिए एवं जिला प्रशासन महासमुंद की और से सभी कोच एवं खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उज्जल भविष्य की कामना किए।

कार्यक्रम के आयोजक उपेंद्र प्रधान सचिव जिला शोतोकान कराते संघ महासमुंद ने बताया कि शिको शोतोकांन एडवांस कराटे डू एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रमुख एवं ट्रेडिशनल लाठी एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रायगढ़ जिले से धनुर्जय चौधरी के अगुवाई में जिले के सभी ब्लॉकों से 29 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और धमतरी से रघुनाथ नेताम, योगेश साहू, बालोद से रवीना साहू तनुज यादव, एम सीबी जिला से तुलेष त्रिवेदी, गरियाबंद से बाला राम, भगवती बांधे, महासमुंद से दिजेंद्र कुर्रे संजय पंडा, मीरा पंडा, राजेश, जगन्नाथ, दीपक निषाद, राकेश, विजय, दलेश्वर सरोजनी, योगेश्वरी सारंगढ़ से सीएल साहू, आदि 17 जिले के मास्टर ट्रेनर ने सभी को 7 दिन तक ट्रेनिग दिया एवं आत्म रक्षा की कला में दक्ष किया। उपेंद्र प्रधान की ने जिला प्रशासन एवं उपस्थित समस्त प्रशिक्षको का आभार व्यक्त किया। स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिंह विधायक महासमुंद डाक्टर संपत अग्रवाल विधायक बसना पुरषोत्तम घृतलहरे, जनपद सदस्य पिथौर ने बधाई देते हुते कार्यक्रम की सराहना की।

शिविर के दौरान उपस्थित प्रतिभागी।

बरभांठा परी तालाब में स्वच्छता के साथ पौधरोपण कार्यक्रम

तमनार। केलो बनांचल आदिवासी बहुल्य तहसील तमनार के बरभांठा चौक शिव मंदिर परी तालाब पर 25 जून को स्वच्छ्ता अभियान चलाकर पौधरोपण संरक्षण संवर्धन कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, पत्रकार, जनप्रतिनिधियों युवा महिलाओं ने अपने नाम से पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण संवर्धन का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि धार्मिक सामाजिक, प्रकृति प्रेमी कलाकार, संवाददाता दुलेन्द्र पटेल का 25 जून को 48 जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छ्ता अभियान चलाकर पौधरोपण संरक्षण संवर्धन कार्यक्रम रखा गया। अश्वनी पटनायक गौटिया तमनार ने संदेशा 24 स्थापना के चार साल पूर्ण होने एवं दुलेन्द्र पटेल का 48 वर्ष पूरे होने पर तालाब पचरी में पन्नि कूड़ा करकटो की साफ सफाई स्वच्छता कर मेड में पीपल, बरगद, बेल, बादाम तुलसी अन्य पौधरोपण पुनीत कार्य सराहनीय पहल है सभी लोग भी अपने यादगार दिनों पर पौधरोपण संरक्षण संवर्धन कर स्वस्थ जीवन का लाभ लें। सरपंच गुलापी सिदार और सामाजिक कार्यकर्ता प्रकृति प्रेमी संवाददाता दुलेन्द्र पटेल टीम द्वारा पररी तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाकर पौधरोपण संरक्षण संवर्धन करना पुनीत कार्य है ग्राम के गौटिया अश्वनी पटनायक, मुकुन्द मुरारी पटनायक, ग्राम्य भारती संचालक चौधरीं, बीडीसी गायत्री बेहरा, युवा महिलाओ ने अपने अपने नाम से पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के संदेश दिया गया है।

पौध रोपण करते जनप्रतिनिधि व महिलाएं।

कन्या शाला घरघोड़ा में पौधरोपण के साथ शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

घरघोड़ा। शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस उत्साह उमंग के साथ छात्राओं पालकों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य, प्रधानपाठक ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्या की देवी मां शारदे की प्रार्थना छात्राओं के साथ शिक्षिका ज्योति खलखो, अंजू भगत ने सामूहिक रूप से की। शिक्षण सत्र के प्रथम दिन नव प्रवेशित छात्राओं को तिलक लगाकर, स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गई।

प्रधान पाठक अखिलेश मिश्रा ने छात्राओं पालकों का अभिनंदन करते हुए सामाजिक स्तर पर शिक्षा की महत्ता बताते हुए स्कूली शिक्षा को समाज के मध्य बेहतर पर्यावरण बनाने पालकों से सहभागिता हेतु अनुरोध करते हुए ध्यान आकर्षण कराया। प्रभारी प्राचार्य हरिश्चंद्र बेहरा ने पाठ्य पुस्तकों को प्रदान करने के साथ नवप्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन करते हुए हर्षोल्लास वातावरण में संस्था में बेहतर शिक्षा प्रदान करने अनुशासन को विद्यार्थी जीवन में प्रमुख विषय बनाने विद्यालय में अच्छी शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का उद्बोधन दिया। इस अवसर पर नवप्रवेशित छात्राओं के पालक उपस्थित रहे। नव शिक्षण सत्र के प्रवेश उत्सव 2024 का संचालन करते हुए शिक्षक विजय पंडा ने शासन द्वारा स्कूली शिक्षा को बेहतर करने हेतु संचालित योजनाओं एवं सुविधा की जानकारी देते हुए छात्राओं को नियमित रूप से शाला आने एवं शिक्षा में निरंतर अभ्यास करने की प्रेरणा प्रदान की। शिक्षिका निवेदिता सिंह धनेश्वर शर्मा एवं अन्य ने समस्त छात्राओं को रोली लगाकर स्वागत किया। विद्यालय द्वारा छात्राओं के प्रवेश के समय उपस्थित पालकों को पौधरोपण कर उन्हे सुरक्षित वृद्धि करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण के क्षेत्र में जन जागरूक हो सकें।

शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को गणवेश व पाठ्यपुस्तक का वितरण

रायगढ़। नया शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए स्कूलों के पट खुल गए इस दौरान स्कूलों के पहले दिन ही नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर सम्मान करते हुए तथा उनको निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक वितरित कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी क्रम में जिला कलेक्टर के निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में भी शाला प्रवेश उत्सव मनाते हुए विद्यालय के माध्यमिक प्रखंड में कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर गुलदस्ता भेंट करते हुए उनको सम्मानित किया गया तथा आठवीं तक के सभी बच्चों को शासन द्वारा निःशुल्क पुस्तक तथा गणेश भी प्रदान किया गया।

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रभारी प्राचार्य भोजराम पटेल द्वारा सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने तथा अपने भविष्य को गढ़ने का आह्वान किया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य डोलनारायण पटेल द्वारा भी विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कुल आने तथा गुरुजनों के मार्गदर्शन में पढ़ाई लिखाई कर अपने गांव तथा विद्यालय का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी के ऑफिसर एवं व्याख्याता किरण कुमार पटेल तथा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंजू पटेल द्वारा भी प्रेरक उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधान पाठक कुमार साहू ने शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर उपस्थित सभी छात्र छात्राओं एवं उनके पालकों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में व्याख्याता संगीता पाण्डेय, चंद्रशेखर पटेल, फणेन्द्र पटेल, चंद्रकांता सिदार, ज्योति देवांगन, नीलम मालाकार, रामेश्वर डनसेना, रीता चौहान, माध्यमिक खण्ड से सुधाबाला नायक, मनोज पटेल, किरण पटेल, लेखापाल शंकरलाल यादव, सहा ग्रेड थ्री सरिता पटेल एवं अलेख राम सिदार की भी उपस्थिति रही।

सर्वोदय पब्लिक स्कूल चंद्रपुर में तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेशोत्सव

चंद्रपुर। विद्यालय सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर में विद्यालय परिसर में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। सभी विद्यार्थी का निर्धारित समय अनुसार बड़े उत्साह पूर्वक पूर्ण गणवेश में विद्यालय पहुंचे प्रातः प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों को तिलक अक्षय लगाकर स्वागत किया। गया विद्यालय के प्राचार्य श्री रामकृष्ण पंडा विद्यार्थियों को पुनः विद्यालय आगमन पर शालाप्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी। व आज से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरे निष्ठा एवं लगन से अथक परिश्रम करने को कहा। उन्होंने बताया की शिक्षा व अपने ज्ञान के माध्यम से ही विद्यार्थी ज्ञान अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं। नन्हे मुन्ने बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार को सुसज्जित किया गया था जिसमें वेलकम बैक टू स्कूल का एक बोर्ड सभी शिक्षकों द्वारा विशेष तौर पर तैयार किया गया था जहां छोटे विद्यार्थियों का फोटो खींचा गया जिससे सभी विद्यार्थी का हर्षित एवं आनंदित थे।

9 लाख रुपए जमा कराकर नहीं भेजा माल, थाने में शिकायत

रायगढ़। कन्वेयर लाईन के लिए आइडलर एवं रोलर क्रय करने के लिए वैजरॉन इण्डस्ट्रीज की ओर से हिन्दुस्तान कन्वेयर्स सिस्टम को अलग अलग किश्तों में तकरीबन 9 लाख 12 हजार रूपए का भुगतान किया गया। वहीं राशि मिलने के बाद भी संबंधित कंपनी ने माल की डिलिवरी नहीं की और कार्यालय को भी अन्यत्र स्थनांतरित कर दिया गया। वहीं प्रबंधक से भी किसी प्रकार का संपर्क नहीं होने पर वैजरॉन इण्डस्ट्रीज के क्रय प्रबंधक ने तद्दाशय की रिपोर्ट थाने में कराई है। वहीं पुलिस ने लाखों रूपए के भुगतान के बाद भी माल की आपूर्ति न करने पर हिन्दुस्तान कन्वेयर्स सिस्टम कंपनी के प्रबंधक के विरूद्ध धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल बरमकेला में प्रवेशोत्सव पर न्यौता भोज

सारंगढ़। जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हेमसागर नायकए विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार नायक एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सीएमओ अनिल सोनवानी, पार्षद सहित पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों का पुष्प गुछ से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नन्हे मुन्ने बच्चों विद्यार्थियों को आरती उतारकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करनाए उनकी आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें नए सत्र में सफलता की कामना करना होता है। यह उत्सव छात्रों के बीच एक मेलजोल वातावरण है। हमारे जीवन का यादगार पलों में से एक यह भी है कि दो माह की छुट्टी के बाद बच्चों को विद्यालय में आने की उत्सुकता देखी गई। इस शाला प्रवेश उत्सव में अतिथियों द्वारा किताब ए सायकल का भी वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभी बच्चों को नेवता भोज के तहत खाना खिलाया गया जिसमें विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह देखा गया वही पालक अपने बच्चों को स्कूल शाला प्रवेश उत्सव के दौरान छोड़ने के लिए आए हुए थे जिससे स्कूल के वातावरण एवं वहां के शिक्षकों को देखकर उत्साहित नजर आए। एसएन भगत जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि भाग्य नहीं कड़ी मेहनत पक्का इरादा सफलता की कुंजी होती है। परीक्षा में सफल होने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर समय प्रबंधन के साथ.साथ सही दिशा में मेहनत की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों को सफलता के गुर सिखाते हुए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष हेमसागर नायक ने नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार बरमकेला सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। प्राचार्य नरेश कुमार चौहान ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है और इस मंदिर को भी हमेशा साफ सुथरा रखना है, बच्चे हमारा भविष्य हैं। इन बच्चों को शिक्षा का उचित वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि उनका पढ़ाई में मन लगा रहे। इस अवसर पर हेमसागर नायक अध्यक्ष नगर पंचायत, राम कुमार नायक उपाध्यक्ष नगर पंचायत, मनीष नायक पार्षद, कमल चौहान, दादु भारती, देवांगन सहित सभी स्कूल के स्टाफ, पालक और प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

शाला प्रवेशोत्सव के दौरान उपस्थित शिक्षिकाएं व विद्यार्थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितम्बर से 19 सितम्बर मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411